CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 35 ▫ रायपुर, गुरुवार 27 फरवरी 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

# मंत्री साव पर सवालों की बौछार

## सदन में उठा जल स्रोत, टंकी, पाइप लाइन, अमृत मिशन का मुद्दा






**रायपुर, 27 फरवरी (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र का आज तीसरा दिन है. सदन की कार्यवाही प्रश्नकाल के साथ शुरू हुई, जिसमें उप मुख्यमंत्री के विभागों से जुड़ा मामला उठा। भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने जल स्रोत नहीं होने के बाद भी पाइपलाइन बिछाने और टंकी बनाने पर सवाल करते हुए कहा कि यह खुला करप्शन है. क्या उन अफसरों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी? पीएचई मंत्री अरुण साव ने संबंधित लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की बात कही।

भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने प्रश्नकाल के दौरान जल जीवन मिशन पर सवाल करते हुए कहा कि चार महीने पहले मुझे विस्तृत जानकारी देने की बात मंत्री ने कही थी, लेकिन आज तक जवाब नहीं दिया गया कि कितने गांव में जल स्रोत नहीं है? कितने गांवों में पाइपलाइन और टंकी बनाई गई है? पीएचई मंत्री ने कहा कि हर स्कीम में स्रोत आइडेंटिफ़ाई था. 653 गाँवों में पाइपलाइन और टंकी बनाई गई है। ग्राम सभा ने अनुमोदन किया है. अप्रैल 2023 में हैंडपंप का टेंडर हुआ. इसके बाद काम का विश्लेषण कर एक साथ सरकार ने छह एक्जीक्यूटिव इंजीनियर को सस्पेंड किया गया था. भाजपा विधायक ने पूछा कि जब डीपीआर बनाया गया तब जल स्रोत नहीं पाया गया था. मंत्री ने बताया कि हर एक डीपीआर में जल स्रोत चिन्हांकित था. इस पर विधायक ने कहा कि डीपीआर में जल स्रोत नहीं होने के बाद भी पाइपलाइन बिछाई गई. टंकी बनाई गई. यह खुला करप्शन है. क्या उन अफसरों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी? मंत्री ने बताया कि किसी भी ठेकेदार का 70 फीसदी काम नहीं होने की स्थिति में राशि का भुगतान नहीं होगा. जल स्रोत के मामले में संबंधित लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी. स्पीकर डॉक्टर रमन सिंह ने कहा पूर्व सत्रों में किसी भी मंत्री ने सदस्यों के पूछे गए सवालों पर जानकारी भेजने का आश्वासन करने के बाद भी जानकारी नहीं भेजी जाती है तो ये उचित नहीं है. मंत्रियों को उचित समय में जानकारी भेजनी चाहिए. इसके पहले भाजपा विधायक गोमती साय ने पत्थलगांव क्षेत्र में जल जीवन मिशन के अधूरे कार्य पर ठेकेदार पर हुई कार्रवाई के संबंध में सवाल किया. पीएचई मंत्री अरुण साव ने बताया कि जल जीवन मिशन के कार्यों को लेकर सरकार गंभीर है. 19656 गांव को सम्मिलित कर योजना बनाई गई है. 2024 तक योजना निर्धारित थी, लेकिन सरकार ने इसे 2028 तक बढ़ाया है. मंत्री ने बताया कि 80.03 फीसदी नल कनेक्शन हो चुका है. ट्यूबेल खनन 2023 से शुरू हुआ है. अभी तक आधा खनन हो चुका है.2711 पानी टंकियों का निर्माण किया गया है. 351 ठेकेदारों का कार्य निरस्त किया है, वहीं 15 ठेकेदारों को बाहर किया गया है. विधायक ने लंबित कार्य के लिए समयसीमा तय करने की मांग की, जिस पर मंत्री ने पूरी ताकत से कार्य पूरा करने का आश्वासन दिया। रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने रायपुर के 70 वार्डों का अमृत मिशन जल योजना का मुद्दा उठाया और कहा कि इस योजना के तहत सबकुछ पूर्ण बताया जा रहा है। जबकि सभी काम अधूरे पड़े हुए है जिससे नागरिकों को परेशानी हो रही है। यह जनता के साथ धोखा है और भ्रष्टाचार का भी मुद्दा है। इस पर रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने तीखे तेवर लेकर कहा कि रायपुर का एक भी वार्ड ऐसा बता दिया जाए जहां पूर्ण रूप से अमृत मिशन के तहत पानी सप्लाई हो रहा हो। इस पर साव ने जवाब दिया कि रायपुर के 20 वार्डों में अमृत मिशन के तहत जल सप्लाई हो रहा है। तथा अन्य पर कार्य प्रगति पर है।

### भगवान भरोसे है 'भुईया पोर्टल', स्पीकर ने मंत्री से कहा- स्थिति वेंटिलेटर पर जाने से पहले दुरुस्त कर लें

विधानसभा में गुरुवार को राज्य में लंबित राजस्व प्रकरणों का मुद्दा गूंजा, भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने स्थिति की गंभीरता का जिक्र करते हुए कहा कि 'भुईया पोर्टल' भगवान भरोसे है. स्पीकर डॉ. रमन सिंह ने भी इस पर संज्ञान लेते हुए विभागीय मंत्री से कहा कि राजस्व प्रकरणों की स्थिति वेंटिलेटर पर जाने से पहले दुरुस्त कर लें.

विधानसभा में विधायक अजय चंद्राकर, उमेश पटेल, शकुंतला पोर्ते ने ध्यानाकर्षण के जरिए लम्बित राजस्व मामला का मुद्दा उठाया. भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कहा ङ्क भुईंया पोर्टल भी लगता है कि किसानों को परेशान करने के लिए बनाया गया है. 35 फीसदी डाटा की ग़लत एंट्री की है. राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा ङ्क भू-अभिलेख में त्रुटि सुधार का अधिकार एसडीएम और तहसीलदार के पास है. पूर्व सरकार ने इसे एसडीएम तक सीमित कर दिया था. नए संशोधन में यह अधिकार अब तहसीलदार को भी दिया गया है. है. कोई भी व्यक्ति ऑनलाइन अपनी जमीन संबंधित जानकारी देख सकता है. राज्य में 1 लाख 49 हज़ार 479 राजस्व प्रकरण लंबित हैं. इस पर अजय चंद्राकर ने कहा ङ्क लोक सेवा गारंटी अधिनियम का राजस्व विभाग पालन नहीं कर रहा है. लोक सेवा अधिनियम का पालन नहीं करने पर कितने अधिकारियों के ख़िलाफ़ कार्रवाई की गई है. राजस्व मंत्री ने बताया कि लंबित प्रकरण में अपील करने पर सुनवाई होगी. लम्बित प्रकरणों की संख्या बढ़ी है. बजट सत्र के बाद राजस्व पखवाड़ा चलेगा. लंबित प्रकरणों की सुनवाई होगी. अजय चंद्राकर ने पूछा ङ्क भुईया पोर्टल में होने वाली त्रुटि कौन सुधारता है? राजस्व मंत्री ने बताया कि पोर्टल का संचालन एनआईसी करता है. त्रुटि सुधारने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त है।

### महंत ने बंद कारखानों पर दागे सवाल पूछा- 'यह कैसी औद्योगिक नीति'

छत्तीसगढ़ विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत ने बंद कारखानों के मजदूरों को मुआवजा भुगतान का सवाल उठाते हुए कहा कि अगर इसी तरह कारखाने से बंद होते रहे, तो कैसी औद्योगिक नीति बना रहे हैं. उद्योग मंत्री लखन देवांगन ने नियमों के अनुसार मजदूरों को भुगतान किए जाने की बात कही। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने



सवाल किया कि जनवरी 2024 से जनवरी 2025 तक कितने उत्पादन केंद्र बंद हुए? उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने बताया कि पांच उद्योग बंद हुए हैं. सरकार की योजना अनुरूप अनुदान दिया गया था. वित्तीय कारणों की वजह से उद्योग बंद हुए हैं. 2023 में कांग्रेस शासनकाल के दौरान 18 उद्योग बंद हुए थे, और बीते पाँच साल में 27 उद्योग बंद हुए हैं। डॉ. महंत ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल के नाम पर पंडरिया में शक्कर कारखाना शुरू हुआ था. 28 फ़रवरी को इसे बंद कर दिया गया, क्योंकि गन्ने का भुगतान नहीं किया गया. भोरमदेव का शक्कर कारखाना और बालोद का शक्कर कारखाना भी बंद कर दिया गया है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने एक रिवॉल्विंग फण्ड बनाया था, जिससे भुगतान होता है। यदि कारखाने इस तरह से बंद होते रहे, तो कैसी औद्योगिक नीति बना रहे हैं. उद्योग बंद होने पर कारखाना अधिनियम में मुआवजा देने का प्रावधान है. क्या मजदूरों को मुआवजा का भुगतान किया गया है? इस पर उद्योग मंत्री लखन देवांगन ने कहा कि श्रम अधिनियम के अनुसार मजदूरों के भुगतान की प्रक्रिया की जाएगी. जो नियम में होगा वैसा किया जाएगा।

# विधवा महिला की निर्मम हत्या, रात को मिलने आए प्रेमी ने कुल्हाड़ी से काटा

### आरोपी की तलाश जारी



**कोरबा, 27 फरवरी (हाईवे चैनल)।** जिले में रजगामार चौकी अंतर्गत गुरुवार की सुबह ओमपुर स्थित एसईसीएल के विभागीय कॉलोनी में उस वक्त सनसनी फैल गई जब एक बेवा महिला सीम पटेल की हत्या की खबर आम हुई। सीमा की हत्या किसी और ने नहीं बल्की उसके कथित प्रेमी गुमा उरांव ने की है। आधी रात को किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ और यह घटना घट गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरु कर दी है।

कोरबा के रजगामार क्षेत्र में हत्या की एक जघन्य वारदात सामने आई है, जहां एसईसीएल कॉलोनी के मकान नंबर एम 763 में रहने वाली बेवा महिला सीमा पटेल को उसके ही कथित प्रेमी ने टांगी से मौत की नींद सुला दी। बीती रात यह घटना सामने आई जब पूरा क्षेत्र नींद की आगोश में समया हुआ तब प्रगति नगर निवासी गुमा उरांव अपनी प्रेमिका सीमा पटेल से मिलने के लिए पहुंचा हुआ था। दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ जिसके गाद गुमा ने घर पर रखे कुल्हाड़ी से सीमा को मौत के घाट उतार दिया और मौके से फरार हो गया। बताया जा रहा है, कि गुमा का सीमा से अवैध संबंध था। घटना की सूचना मिलने पर सीएसईपी भूषण एक्का पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल में जुट गए। पुलिस ने दावा किया है,कि आरोपी को जल्द पकड़ लिया जाएगा। पुलिस ने बताया, कि मृतका के पति की मौत दो साल पहले किसी बीमारी से हो गई थी। सीमा के दो बच्चे हैं, जो उसके ही साथ रहते है। पति की मौत के बाद गुमा का सीमा के घर पर अक्सर आना जाना रहता था। फिलहाल पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है। देखने वाली बात होगी, कि आरोपी पुलिस की पकड़ में कब आता है।

## सीएम साय ने किया एलान, छत्तीसगढ़ में भी टैक्स फ्री हुई विक्की कौशल की फिल्म 'छावा'

**रायपुर, 27 फरवरी (हाईवे चैनल चैनल)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने फिल्म 'छावा' को छत्तीसगढ़ में टैक्स फ्री कर दिया है। उन्होंने राजिम कुंभ के आयोजन के बाद मीडिया से बातचीत के दौरान यह घोषणा की। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छावा फिल्म को टैक्स फ्री करने का निर्णय छत्तीसगढ़ की जनता को देश के गौरवशाली इतिहास से जोड़ने और युवा पीढ़ी में राष्ट्रप्रेम एवं शौर्य की भावना जागृत करने के उद्देश्य से लिया गया है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि 'छावा' केवल एक फिल्म नहीं, बल्कि ऐतिहासिक परंपराओं, वीरता और स्वाभिमान की गाथा है, जिसे हर नागरिक को देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह फिल्म युवा वर्ग को प्रेरित करेगी और छत्रपति संभाजी महाराज के शौर्य, बलिदान और नेतृत्व को व्यापक रूप से प्रस्तुत करेगी। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राज्य सरकार ऐसी फिल्मों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है, जो समाज को प्रेरणा देती हैं और सांस्कृतिक चेतना को जाग्रत करती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार



ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रभक्ति से जुड़ी फिल्मों को प्रोत्साहित करती रहेगी, ताकि हमारी आने वाली पीढ़ी अपने गौरवशाली अतीत से जुड़ी रहे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ की जनता, विशेष रूप से युवाओं से अपील की कि वे इस फिल्म को देखें और भारतीय इतिहास के उन स्वर्णिम पन्नों को समझें, जो आज भी हमारे जीवन को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। बता दें कि छावा ऐतिहासिक एक्शन फिल्म है। यह फ़िल्म मराठा साम्राज्य के द्वितीय छत्रपति राजा सम्भाजी जी के जीवन पर आधारित है। फिल्म शिवाजी सावंत के मराठी उपन्यास छावा का रूपांतरण है।

## 30 पन्नों का जवाब लेकर ईडी कार्यालय पहुंचे मलकीत सिंह गेंदू



**रायपुर, 27 फरवरी (हाईवे चैनल)।** सुकमा और कोंटा में बने राजीव भवन निर्माण मामले में प्रवर्तन निदेशालय की जांच जारी है। इसी सिलसिले में मलकीत सिंह गेंदू बुधवार को ईडी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने ईडी द्वारा पूछे गए चार सवालों के जवाब में 30 पन्नों का जवाब सौंपा। ईडी ने 25 फरवरी को राजीव भवन पहुंचकर मलकीत सिंह गेंदू को समन जारी किया था। ईडी ने उनसे निर्माण कार्यों और संबंधित वित्तीय लेन-देन को लेकर स्पष्टीकरण मांगा था। राजीव भवन निर्माण को लेकर जांच के दायरे में आए इस मामले में ईडी विभिन्न स्तरों पर पूछताछ कर रही है। सूत्रों के मुताबिक, ईडी की पूछताछ के बाद इस जांच में और भी नए तथ्य सामने आ सकते हैं।

## शिकारियों के निशाने पर वन्यजीव, भालू का क्षत-विक्षत शव मिला

**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, 27 फरवरी (हाईवे चैनल)।** जंगलों में वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर वन विभाग की लापरवाही एक बार फिर उजागर हुई है। मरवाही वन मंडल के उषाड़ बीट में एक भालू का क्षत-विक्षत शव मिलने से हड़कंप मच गया है। शव के कई अंग गायब होने के कारण शिकार किए जाने की आशंका जताई जा रही है। यह मामला मनेंद्रगढ़ वन मंडल और मरवाही वन मंडल की सीमा पर स्थित मरवाही वन परिक्षेत्र के उषाड़ बीट का है, जहां करीब 8 से 10 दिन पुराना भालू का शव बरामद हुआ है। वन विभाग को इसकी जानकारी अब जाकर मिली है, जिससे उनकी कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

भालू की मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा। मरवाही वनमंडल के डीएफओ रौनक गोयल ने भालू के शव मिलने की पुष्टि की है। इस घटना के बाद वन विभाग की निगरानी व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न लग गए हैं, क्योंकि इतने दिनों तक भालू के शव की भनक तक वन अधिकारियों को



नहीं लगी।

यह कोई पहला मामला नहीं है जब वन क्षेत्र में शिकार की घटना सामने आई हो। दो महीने पहले ही गंगनई नेचर कैंप सालेकोटा के जंगल में एक मादा भालू शिकारी के जाल में फंस गई थी। स्थानीय युवकों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन दम घुटने से उसकी मौत हो गई। हालांकि, मौके पर मौजूद उसके 8 महीने के नर शावक को सुरक्षित बचा लिया गया था। मरवाही वनमंडल के डीएफओ रौनक गोयल ने बताया था कि 8 से 9 साल की मादा भालू की मौत क्लच वायर में फंसने के कारण दम घुटने से हुई थी। इस घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए चार शिकारियों को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में उन्होंने क्षेत्र में जाल लगाने की बात स्वीकार की थी। उनके पास से तार, रस्सी और अन्य शिकार के उपकरण बरामद किए गए थे।

शिकारियों की बढ़ती सक्रियता और वन विभाग की सुस्त कार्यशैली के कारण वन्यजीवों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। जंगलों में वन्यजीवों के शिकार की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन वन विभाग न तो शिकारियों पर प्रभावी कार्रवाई कर पा रहा है और न ही समय रहते इन घटनाओं की रोकथाम कर पा रहा है। इस घटना ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि जंगलों में वन्यजीव सुरक्षित नहीं हैं और शिकारी बेखौफ होकर अपनी गतिविधियां अंजाम दे रहे हैं। अब देखना होगा कि वन विभाग इस मामले में क्या ठोस कदम उठाता है या फिर यह भी अन्य मामलों की तरह फाइलों में दबकर रह जाएगा।

## शीश महल में इस्तेमाल किए गए सरकारी पैसे की जांच शुरू करेगी दिल्ली सरकार

**नई दिल्ली, 27 फरवरी (न्यूज चैनल)।** दिल्ली के मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि शीश महल विवाद की जांच शुरू की जाएगी ताकि यह पता लगाया जा सके कि पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आधिकारिक आवास के नवीनीकरण में कितना सरकारी धन का इस्तेमाल किया गया था। 6, फ्लैगस्टाफ रोड स्थित बंगले, जिसका इस्तेमाल केजरीवाल ने सीएम रहते हुए किया था, को बीजेपी ने शीश महल करार दिया है।




**चूहा- प्रदेश कांग्रेस कह रही है कि छेरछेरा पुन्नी के दान से कांग्रेस भवन बनाया गया है।**

**चुहिया- हां जी, फिर तो हर साल इनको 'छेरछेरा' मांगना चाहिए और सभी जगह कांग्रेस भवन बना देना चाहिए।**

# कैबिनेट मंत्रियों के साथ सीएम योगी ने चलाया सफाई अभियान, संगम घाट पर की पूजा



**नई दिल्ली, 27 फरवरी (न्यूज चैनल)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज के अरैल घाट पर स्वच्छता अभियान में भाग लिया। यह पहल स्वच्छ भारत अभियान को बढ़ावा देने और प्रमुख धार्मिक और सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता बनाए रखने के राज्य के चल रहे प्रयासों का हिस्सा थी। अभियान के दौरान, सीएम योगी ने अधिकारियों और स्वयंसेवकों के साथ, पर्यावरण को स्वच्छ रखने में सार्वजनिक भागीदारी के महत्व पर जोर देते हुए, घाट क्षेत्र की सफाई की। उन्होंने नागरिकों से स्वच्छता को दैनिक अभ्यास के रूप में अपनाने और नदी तटों और तीर्थ स्थलों का संरक्षण सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया। सभा को संबोधित करते हुए, योगी आदित्यनाथ ने स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला, विशेष रूप से प्रयागराज जैसे आध्यात्मिक महत्व के स्थानों पर, जो कुंभ मेले की मेजबानी करता है। स्वच्छता अभियान में स्थानीय अधिकारियों, स्वयंसेवकों और भक्तों की भागीदारी देखी गई, जिससे स्वच्छ और स्वस्थ उत्तर प्रदेश के लिए सामूहिक जिम्मेदारी के संदेश को बल मिला। इससे पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, केपी मौर्य और कैबिनेट के अन्य मंत्रियों ने प्रयागराज के अरैल घाट-संगम पर पूजा की।

### महाकुंभ के सफल आयोजन को लेकर सीएम साय ने सीएम योगी को दी बधाई

**रायपुर, 27 फरवरी (हाईवे चैनल)।** प्रयागराज में भव्य महाकुंभ के समापन के बाद आज छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सफल आयोजन के लिए बधाई दी है. सीएम साय ने अपने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि आज मैंने उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से दूरभाष पर चर्चा कर प्रयागराज महाकुंभ के ऐतिहासिक एवं भव्य आयोजन के सफल समापन पर उन्हें हार्दिक बधाई दी। यह भव्य और विराट आयोजन हमारी सनातन संस्कृति, आस्था और परंपराओं की अद्भुत झलक प्रस्तुत करता है। साथ ही, मैंने छत्तीसगढ़ राज्य के श्रद्धालुओं के लिए महाकुंभ मेला परिसर में साढ़े चार एकड़ भूमि आवंटित करने हेतु उनका हृदय से आभार व्यक्त किया. इस मंडप में छत्तीसगढ़ के 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने नि:शुल्क आवास, भोजन एवं अन्य सुविधाओं का लाभ उठाया और संगम में स्नान का पुण्य प्राप्त किया।

## पुलिस ने निलंबित आप विधायकों को संसद जाने से रोका, आतिशी ने की निंदा

**नई दिल्ली, 27 फरवरी (न्यूज चैनल)।** दिल्ली विधानसभा से निलंबित आम आदमी पार्टी के विधायकों ने आरोप लगाया है कि पुलिस ने उन्हें संसद में घुसने से रोक दिया है। विधायकों ने दावा किया कि पुलिस ने उन्हें विधानसभा परिसर में घुसने से रोकने के लिए एंट्री रोड पर बैरिकेड्स लगा दिए थे। पुलिस द्वारा रोके जाने के बाद आप विधायक वहीं बैठ गए और विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने हाथों में जय भीम की तख्तियां भी पकड़ी हुई थीं।




दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता आतिशी ने इस कदम की निंदा की। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि पार्टी ने %तानाशाही% को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। आतिशी ने कहा, %पुलिस अधिकारी बता रहे हैं कि आप विधायकों को दिल्ली विधानसभा परिसर में जाने से रोक दिया गया है। वे कह रहे हैं कि उनके पास स्पीकर से आदेश आए हैं कि आप के विधायकों को गेट पर ही रोकने लिया जाए। देश के पूरे संसदीय इतिहास में किसी भी विधानसभा परिसर से या संसद के परिसर से एक चुने हुए विधायक को परिसर में प्रवेश करने पर रोका गया हो, ऐसा कभी नहीं हुआ। आतिशी ने आगे कहा कि लिस अधिकारी कह रहे हैं कि हम विधानसभा से निलंबित हैं इसलिए हमें विधानसभा परिसर में भी प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। यह गैर लोकतांत्रिक और गैर संवैधानिक है।

CMYK